


हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 सितंबर 2025
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

14 मिलादुन्नवी पर मस्जिद और गेट की सजावट



13 पर्व एकता, भाईचारा और परंपराओं को संजोने का...



## रेखागांव के लोग एक हफ्ते से अंधेरे में, पहुंच मार्ग नहीं होने से नदी पार के लोग परेशान

*संभाग के 4 जिलों में 147 में से 146 गांव की बंद बिजली हुई बहाल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर में एक सप्ताह पूर्व हुए बारिश एवं बाढ़ से चार जिले तार, पोल टूटने से 147 गांव अंधेरे में रहे। वहीं ग्रामीण उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम सहित कार्यपालन अभियंता के नेतृत्व में तीन दर्जन कर्मचारियों ने दिन और रात में लाईन को सुधारा, जिससे 146 गांवों की बंद बिजली को बहाल किया। गीदम ब्लॉक के बारसूर निकट नदी के पास स्थित रेखागांव में पहुंच मार्ग नहीं होने के चलते गांव तक पोल नहीं ▶▶|शेष पेज 12 पर





### नाला पार कर पहुंचाया तार

*दरभा के अंदरूनी क्षेत्र के गांव की बिजली बहाल करने के लिए कर्मचारियों को नाला पार कर तार पहुंचाया और बंद बिजली को बहाल किया। इससे गांव के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।*

### पहुंच मार्ग का इंतजार

*विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि बारिश एवं बाढ़ से 147 गांव के बिजली बंद रही, जिससे बहाल किया गया। एक गांव में पहुंच मार्ग नहीं होने से बिजली को बहाल नहीं कर पाए, नदी में पानी कम होने से पोल पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा और बिजली बहाल हो सकेगी।*

## खबर संक्षेप

### सुंडी समाज ने की बाढ़ पीड़ितों को आर्थिक मदद



**लोहंडीगुड़ा ।** सुंडी समाज ब्लॉक लोहण्डीगुड़ा के द्वारा बाढ़ पीड़ित ग्राम मांदर को 15 हजार एवं नेगानार को 5 हजार रुपए नगद आर्थिक सहायता प्रदाय किया गया। इस मौके पर समाज के सदस्य जगतूराम सेठिया, करण सिंह सेठिया, लखीधर सेठिया,बलिराम सेठिया गंभीर सेठिया,राजेश सेठिया, महिष राम सेठिया, देवेन्द्र सेठिया,महेश कुमार सेठिया,एवं प्रदीप कुमार सेठिया उपस्थित थे।

### 87 तीर्थयात्री अयोध्या के लिए किए गए रवाना



**जगदलपुर ।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित रामलला दर्शन योजना के तहत मंगलवार को बस्तर जिले से 87 तीर्थयात्रियों का एक जत्था अयोध्या के लिए रवाना हुआ। टाउन हॉल के सामने से बस को हरी झंडी दिखाकर इन यात्रियों को विदा किया गया। महापौर संजय पांडे सहित जनप्रतिनिधियों ने यात्रियों को पुष्पगुच्छ देकर उनकी सुखद और मंगलमय यात्रा की कामना की। इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान रामलला दर्शन योजना समिति के सदस्य रामाश्रय सिंह, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नोडल अधिकारी बीरेंद्र बहादुर सहित कई अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित तीन परिवार को दी सहायता राशि

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. में 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि जारी की है। तहसील जगदलपुर के ग्राम आसना तामाकोनी पारा की निवासी रामबती बघेल की मृत्यु पानी में डूबने से पति सोनाधर बघेल को बस्तर के ग्राम भरवांपदर निवासी विकास नाग की मृत्यु पानी में डूबने से पिता सहादेव को और तहसील बास्तानार के ग्राम सांवगेल बीजापार निवासी माहरू मंडावी की मकान गिरने से हुई मृत्यु पर पत्नी चैती को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### बाढ़ पीड़ितों के लिए मैत्री संघ संस्था ने किया सहयोग



**जगदलपुर।** शहर की बहुप्रतिष्ठित बंगाली संस्था मैत्री संघ द्वारा रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से जिला प्रशासन को राहत सामग्री सौंपी। कलेक्टर एवं बस्तर रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष हरीस एस की उपस्थिति में मैत्री संघ संस्था द्वारा महिला, पुरूष एवं बच्चों के लिए धूले हुए साफ सुथरे कपड़ो के 21 बॉक्स, गैस चुल्हा एवं गैस पाईप, रेग्युलेटर के 25 सेट सहित कंबल 25 नग सौंपा गया। जिसके पश्चात कलेक्टर ने मैत्री संघ संस्था की सामग्री से भरे वाहन को हरी झंडी दिखाकर लोहंडीगुड़ा विकासखंड के लिए रवाना किया। इस अवसर पर ऐलेकजेंडर चेरियन, मनीष गुप्ता सहित मैत्री संघ संस्था के अध्यक्ष दीपक घोष, महासचिव सुनील साहा, देवाशीष चौधरी, देवव्रत बराल, अशोकरंजन मुखर्जी, दिशांत चक्रवर्ती, जगन्नाथ साहा, श्रीमती अंजू मैत्रा, खुशबू साहू, प्रतिमा राय चौधरी एवं रविन्द्र नाथ विश्वास शामिल रहे।

### यूट्यूब में अध्यापन का लाइव प्रसारण करते हैं गुरुजी

# 40 किमी साइकिल चलाकर स्कूल पहुंच 23 वर्ष से बच्चों को शिक्षित कर रहे सुरेश

रफीक खान ▶▶| कोंटा

**शिक्षक दिवस विशेष**

शिक्षक मनोज दिवान दो दशक से यहां सेवा दे रहे है। अनेक कठिनाइयों के बावजूद शिक्षक प्रति दिन यहां नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा देने ब्लॉक मुख्यालय कोंटा से तकरीबन 40 किलोमीटर की यात्रा कर पहुंचते है। वहीं भेज्जी क्षेत्र के ही रेगड़गट्टा में पदस्थ शिक्षक नेमजॉन टेटे दशक भर से यहां सेवा दे रहे हैं । ज्ञात हो कि रेगड़गट्टा कभी नक्सलियों के ठिकाने का एरिया माना जाता था। यहां तक पहुंचने सड़क मार्ग भी नहीं थी।





अब यह गांव भेज्जी के मुख्य सड़क मार्ग तक सीधा जुड़ गया है। कोंटा ब्लॉक मुख्यालय के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम में सेवा दे रहे व्याख्याता शिक्षक ▶▶|शेष पेज 12 पर

## शिक्षक मनीष ने शिक्षा को नवाचार से दी नई दिशा



अनिल सामंत ▶▶| जगदलपुर

व्याख्याता मनीष कुमार अहीर ने ग्रामीण परिवेश की चुनौतियों को स्वीकार कर शिक्षा को अपने समर्पण और नवाचार से एक नई दिशा दी है। विज्ञान विषय में विशेष रुचि होने के कारण उन्होंने बच्चों को सरल और रोचक तरीके से विज्ञान समझाने के लिए टीएलएम विज्ञान मॉडल एवं कबाड़ से जुगाड़ विधियों का उपयोग किया। इसी नवाचारपूर्ण कार्य के लिए उन्हें समग्र शिक्षा द्वारा प्रकाशित पुस्तक चर्चा पत्र में नवाचारी शिक्षक सम्मान प्राप्त हुआ। वर्ष 2016 से अहीर बड़े मुरमा विद्यालय में कार्यरत हैं। यहां आने के बाद उन्होंने विद्यालय का वातावरण बदलने और बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने के लिए लगातार कबाड़ से जुगाड़,विज्ञान मॉडल, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान, ▶▶|शेष पेज 12 पर

- नक्सल प्रभावित कोंटा विकासखंड में विपरीत परिस्थितियों के बीच गांव पहुंचकर सेवा दे रहे शिक्षक
- सुदूर वनांचल गांव दंतेशपुरम भेज्जी क्षेत्र में 1992 से प्राथमिक शाला झोपड़ी में संचालित हैं



## एक लाख के ईनामी एलओएस मेंबर समेत पांच नक्सली विस्फोटक के साथ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र स्थित रवागुड़ा के जंगल से सयुंक्त सुरक्षाबलों ने एक ईनामी व एक महिला समेत पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने आईईडी प्लांट करने के फिराक में एकत्रित हुए थे। गिरफ्तार नक्सलियों के कब्जे से विस्फोटक भी बरामद किया गया है।

सुकमा जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर चिंतलनार थाना प्रभारी विमल वट्टी व सीआरपीएफ 74 बटालियन के टूआईसी निशांत वैष्णव, सहायक कमाण्डेंट सुमन सौरभ के नेतृत्व में तथा कैम्प पुलमपाड़ से 223 बटालियन के अमन अभिषेक कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम रावगुड़ा, किस्टावरम व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान रवागुड़ा के जंगल झाड़ी व नाला के पास से 1 महिला सहित 5 नक्सलियों को विस्फोटक पदार्थ के साथ घेराबंदी कर पकड़ा गया, जो फोर्स को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी लगाने की फिराक में थे। गिरफ्तार नक्सलियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

### जगरगुण्डा एलओएस मेंबर भी शामिल

सुरक्षाबलों द्वारा गिरफ्तार किए गए नक्सलियों में एक लाख का ईनामी जगरगुण्डा एलओएस मेंबर माड़वी राकेश 26 के अलावा कमलू देवा 46 वर्ष, कुहराम बुधरा 40 वर्ष, मड़कम मुया 19 वर्ष तथा भूमकाल मिलिशिया मेंबर कवासी पोज्जे 19 वर्ष शामिल है। गिरफ्तार सभी नक्सली चिंतलाना थाना क्षेत्र के है जिनके कब्जे से 20 नग फटाका के अलावा इम्प्रोवाईच स्वीच, बैटरी, राउण्ड रखने का चार्जर, बैटरी केस, इलेक्ट्रिनिक मैग्नीजम, जिलेटिन रॉड, नान इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, कोर्डेक्स वायर, सिंरिज तथा रेडियो मय पोच के साथ बरामद किया गया। नक्सलियों के खिलाफ थाना चिंतलनार में धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

### उड़नदस्ता ने जांच में

## 1150 वाहनों पर 55.32 लाख का किया जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग में कोंटा, किरंदुल, बीजापुर, रायपुर, ओडिशा रोड में वाहन चालक बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर विभाग के मुख्यालय से मिले निर्देशानुसार परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने एक माह में अलग-अलग सड़कों में चल रही वाहनों की जांच की। इस दौरान सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ राज्यों की 1150 वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले। ऐसे वाहनों के खिलाफ लगभग 55 लाख 32 हजार 426 रूपए का जुर्माना किया गया। इसमें से ई-चालान में 5 लाख 61 हजार 700 रुपए, मोटरयानकर 28 लाख 96 हजार 026 रुपए, समझौता शुल्क 20 लाख 74 हजार 700 रुपए वाहनों से वसूल किया गया।

- सड़क पर दौड़ रहे वाहनों से 28.96 लाख रुपए मोटरयान कर वसूला
- परिवहन नियमों के उल्लंघन पर लगातार हो रही कार्रवाई

### लक्ष्य से दोगुना राजस्व वसूला

बताया जा रहा है कि मुख्यालय की ओर से उड़नदस्ता प्रभारी को एक माह में 20 लाख रुपए का राजस्व लक्ष्य है। जगदलपुर उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने अगस्त माह में लक्ष्य से दोगुना राजस्व वसूला। यह टीम सुबह से बस्तर संभाग के सात जिलों के सड़कों में वाहनों की जांच में जुटे हुए हैं।

### वाहनों की हो रही जांच

परिवहन विभाग के जगदलपुर उड़नदस्ता प्रभारी निरीक्षक अनिल घरडे ने बताया कि संभाग सभी सड़कों में वाहनों की जांच की जा रही है। परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले वाहनों पर जुर्माना के साथ कार्रवाई की जा रही है।

## अभद्र मूर्तियों को स्थापित न करने शासन बनाए कानून : राजपूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ मूर्तिकार चित्रकार संघ के सदस्य भगवान गणेश, मां दुर्गा व अन्य मूर्तियों को बनाकर अपना तथा परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। इस डिजिटल व एआई युग में सभी सार्वजनिक संस्था व मंडली द्वारा क्रिएटिव मूर्तियों का आर्डर हमें दिया जाता है, मना करने पर दूसरे मूर्तिकार के यहाँ बनाने का कहकर चले जाते हैं। मजबूरी में हम कलाकारों को ऐसी मूर्तियाँ बनानी पड़ती है। कुछ ऐसे मूर्तिकार हैं जो हमारे संघ में शामिल नहीं हैं वे भी अभद्र मूर्तियाँ अधिक संख्या में मोटी रकम के लिए बनाते हैं। हमारा संघ बेवजह बदनामी उठाता है। उक्त जानकारी छग मूर्तिकार-चित्रकार संघ ने बस्तर कलेक्टर को सौपे मांग पत्र में ध्यानाकर्षण कर उचित कार्रवाई की मांग की। संघ के सचिव प्रह्लाद राजपूत ने मुख्यमंत्री के नाम जारी मांगपत्र में उल्लेख करते मांग कि है सार्वजनिक संस्थाओं और राज्य के समस्त हिन्दू संगठन के मध्य में हम गरीब कलाकार पीस रहे हैं।

## हड़तालियों ने सीएमएचओ को सौंपा सामूहिक इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



एनएचएम संघ बस्तर जिला द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल के कार्यक्रमों में गुरुवार को 18 वां दिवस को प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश का अन्य पदाधिकारियों को शासन द्वारा दिए गए बर्खास्तगी पत्र के विरोध में एनएचएम के हड़ताली अधिकारी, कर्मचारियों ने शहर के सीएमएचओ को अपना सामूहिक इस्तीफा पत्र सौंपा गया। संघ के जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जंगले ने बताया कि अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 18 अगस्त से संविदा एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में संविधान प्रदत्त मूल अधिकारों के दायरे में रहकर आंदोलनरत हैं। आंदोलन 160 बार ज्ञापन देने के पश्चात जब शासन ▶▶|शेष पेज 12 पर

### विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने की मांदर बाढ़ पीड़ितों की सहायता

## मांदर बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा कुलपति मनोज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं समाज कार्य अध्ययनशाला की विभागध्यक्ष डॉ. तूलिका शर्मा के नेतृत्व में और सहायक प्राध्यापक डॉ. अनुष्का आतरम एवं डॉ. डिगेश्वर साहू के मार्गदर्शन एवं सहयोग से बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राहत सामग्री वितरित किया गया। प्रभावित 80 परिवारों को तेल,आलू,प्याज,मसाले, बिस्किट,ब्रेड,साबुन और चांवल दाल सब्जी जैसी आवश्यक वस्तुएं वितरित कर बाढ़ पीड़ितों की मदद की गई। वितरित गई सामग्री में एक क्विंटल चावल,40,किलो बैंगन 35 किलो टमाटर 15 किलो दाल, 20 किलो भिंडी, 20 किलो, लौकी, 20 किलो खीरा, 100 पैकेट मिर्ची, 100 पैकेट हल्दी, 100 पैकेट मसाला, महाकोष तेल 10 किलो आलू, 10 किलो प्याज,रिलेक्स अगरबत्ती,सोयाबीन बड़ी,साबुन व अन्य सामग्री था।



### मांदर के बाढ़ पीड़ितों की सहायता करने पहुंचे स्कूल के बच्चे व शिक्षक

लोहंडीगुड़ा क्षेत्र के मांदर में आए बाढ़ से वहां के रहवासियों का जनजीवन प्रभावित हुआ है । बाढ़ पीड़ितों के मदद करने शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल लोहंडीगुड़ा के समस्त स्टाफ एवं रेडक्रास के छात्राओं द्वारा सहयोग राशि इकट्ठा कर राशन सामग्री वितरित किया गया। इस अवसार पर संस्था की प्राचार्या मनोरमा बौद्ध, सुरेश खापर्डे,चंद्रभूषण ठाकुर, बंकिम यादव, जेनिस चांद, सरोज पटेल,भदर भारद्वाज, रंजना मिश्रा, धनेंद्री नाग, श्रीधर भारद्वाज, शिवशंकर भोई, सुर्यनारायण भगत,अतुल इक्का, सुमन राणा, रत्ना यादव, लक्ष्मी नाग, इंदु ठाकुर ने आर्थिक सहयोग देकर मानवता का फर्ज निभाया है।

# शिक्षा देने का जुनून : महिला शिक्षक वेदबती 16 साल से रोजाना 3 किमी चलकर पढ़ाने आती और जाती हैं



भारत भारद्वाज ⏭ फरसगांव

शिक्षक दिवस स्पेशल

बच्चों का भविष्य गढ़ने में शिक्षकों की मेहनत और जज्बे का कोई सानी नहीं होता। ऐसे कई शिक्षक हैं, जो नौनिहालों को काबिल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। टीचर्स डे के मौके पर 'हरिभूमि' एक ऐसी महिला शिक्षिका की कहानी बता रहा है, जो पिछले 16 साल से रोजाना 3 किलोमीटर का पैदल सफर तय कर स्कूल पहुंच रही हैं। पैदल चलकर ही स्कूल से घर वापस भी लौटती हैं। उन्होंने हरिभूमि प्रतिनिधि से बातचीत करते हुए शिक्षकीय जीवन से जुड़े अपने कुछ अनुभव साझा किए हैं। 52 वर्षीय वेदबती ठाकुर फरसगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पतोड़ा के कुम्हारपदर आदर्श स्कूल में प्रधानाध्यापिका हैं, जो कि रावणभाठा में रहती हैं। ये पिछले 16 साल से ऐसे ही 3 किलोमीटर का पैदल सफर तय कर नौनिहालों की जीवन संवारने स्कूल तक पहुंचती हैं। जंगली जानवरों की आवाजें, सांप बिच्छू का डर, मूसलाधार बारिश और जेठ की गर्मी भी इनके पैर नहीं रोक पाई, और यह अब इनकी दिनचर्या में शामिल हो चुका है।

- फरसगांव में महिला टीचर का जज्बा
- बारिश, गर्मी, जंगली जानवरों का भय भी नहीं रोक पाते



## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना बच्चों का अधिकार है

*शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में प्रधान अध्यपिका वेदबती ठाकुर ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को बेहतर शिक्षा मिलनी चाहिए, यह उनका अधिकार भी है। खास तौर पर ग्रामीण इलाकों के बच्चों को उच्च गुणवत्ता के साथ शिक्षा मिले यही हमारा प्रयास भी रहता है। हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे मन लगाकर पढ़ें और आने वाले समय मे डॉक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर, एसपी और जनप्रतिनिधि जैसे बड़े पदों पर जाएं।*

## पढाई के साथ-साथ सेहत का ध्यान रखना भी जरूरी

*हरिभूमि प्रतिनिधि से बातचीत करते हुए प्रधान अध्यपिका वेदबती ठाकुर ने बताया कि वर्ष 1993 में शिक्षकीय सेवा ज्वाइन किया था। तब से आज तक शैक्षणिक कार्यों के साथ साथ स्वास्थ्य सम्बंधित बातों के बारे में भी बच्चों को जागरूक करती हूँ। चूंकि व्यक्तिगत रूप से मुझे पैदल चलना काफी पसंद है, इसलिए रोजाना 6-7 किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल आना जाना करती हूँ। इस आधुनिकता के दौर में लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते। जिसके कारण कई प्रकार की बीमारियां जन्म लेती हैं। मेरा मानना है कि स्वस्थ्य जीवन और बेहतर स्वास्थ्य के लिए पैदल चलना बहुत जरूरी है।*

## खबर संक्षेप

### सांसद खेल महोत्सव के लिए पंजीयन जारी

**कोण्डागांव।** सांसद खेल महोत्सव पंजीयन की प्रक्रिया जारी है जो 20 सितम्बर तक चलेगी। इच्छुक व्यक्ति वेब पोर्टल पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के बाद खेल महोत्सव का आयोजन तीन चरणों में होगा, पहला चरण 21 सितम्बर से 21 अक्टूबर तक ग्रामीण स्तर पर और दूसरा चरण 22 अक्टूबर से 22 नवम्बर तक विधानसभा स्तर पर होगा। वहीं तीसरा चरण 23 से 25 दिसम्बर तक लोकसभा स्तर पर जगदलपुर में आयोजित की जायेगी। इसमें पुरुष और महिला तीन आयु वर्ग 18 वर्ष तक, 18 से 40 वर्ष तक तथा 40 वर्ष से अधिक के प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए दिया जाएगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**कोण्डागांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के अनुसार अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए वर्ष 2025–26 में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण एवं आवश्यक मार्गदर्शन का दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोण्डागांव लाईवलीहुड कॉलेज परिसर में अपनी उत्तीर्ण होने संबंधी दस्तावेज के साथ स्वयं उपस्थित होकर माह सितम्बर 2025 तक अपना नामांकन अनिवार्य रूप से करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय के संपर्क नम्बर में कॉल कर सकते हैं।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला लगाया जाएगा 9 एवं 10 अक्टूबर को

**कोण्डागांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 9 एवं 10 अक्टूबर को रायपुर में होना संभावित है। उक्त रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा अपनी–अपनी संस्थाओं में विभिन्न पदों पर कार्य करने हेतु भर्ती की जायेगी। इस रोजगार मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र में नियोजित होने के इच्छुक युवक–युवतियां ऑनलाइन ई–रोजगार पोर्टल के माध्यम से राज्य स्तरीय रोजगार मेला में पंजीयन कर पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। उक्त दिवस को रोजगार मेला में अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, रोजगार पंजीयन निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि लाना होगा।

## शिक्षा, खेल और समाज सेवा में मिसाल बने साहू

# शिक्षक दिवस पर राज्यपाल सम्मान से नवाजे जाएंगे कोंडागांव के शिक्षक शिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मड़ानार के शिक्षक शिवचरण साहू ने शिक्षा, खेल, कला और समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। जुलाई 2007 से शिक्षा जगत से जुड़े श्री साहू बच्चों के



सवांर्गीण विकास और विशेषकर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्यरत हैं।

श्री साहू न केवल एक संवेदनशील शिक्षक हैं बल्कि काष्ठ शिल्पकार, चित्रकार और योगाचार्य के रूप में भी जाने जाते हैं। वे समुदायिक सहभागिता के माध्यम से संसाधन जुटाकर विद्यालय और बच्चों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करते हैं। पांच लाख रुपये तक की राशि एकत्र कर उन्होंने विद्यालय में भौतिक संसाधनों की व्यवस्था की। साथ ही पीएलसी समूह इन्द्रधनुष के माध्यम से 10 से अधिक विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय बनाने में योगदान दिया।

**शैक्षणिक उपलब्धियां:** नवाचारी गतिविधियों के लिए 2022 में बस्तर डाइट एक्सीलेंसी अवार्ड। 2020 में जिला प्रशासन



से उत्कृष्ट विद्यालय सम्मान। 2018 से 2022 तक अवकाश अवधि में मार्शल आर्ट शिविर, 500 से अधिक बच्चों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण। खेल में अग्रणी साहू के मार्गदर्शन में विद्यालय के खिलाड़ियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 2019 से 2024 तक 204 खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। 15 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया। बच्चों को सिलम्बम, गतका, तराकी और तीरंदाजी जैसे खेलों में नई पहचान दिलाई।

### कला और नवाचार

शिक्षा समागम 2021 में व्यावसायिक शिक्षा का प्रदर्शन। विद्यालय के बच्चे शिल्पकला और चित्रकारी से प्रति वर्ष तीन लाख रुपये तक का आर्थिक उपार्जन कर रहे हैं। 2023 में अखिल भारतीय सतनामी समाज द्वारा सम्मानित। 2022 में राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य एवं लोककला महोत्सव में काष्ठकला में उत्कृष्ट प्रदर्शन सम्मान। समाज सेवा में योगदान शिवचरण साहू ने अब तक 53 बार निःशुल्क रक्तदान किया है। इसके लिए उन्हें रेड क्रॉस सोसाइटी और जिला रक्त कोषालय द्वारा सम्मान प्राप्त हुआ। वर्ष 2018 में चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल में मरणोपरांत देहदान की घोषणा करने पर उन्हें राज्य तेली समाज से गौरव सम्मान मिला।

### सम्मान और अलंकरण

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2021 छत्तीसगढ़ गौरव अलंकरण 2018, अक्षय गौरव 2019, तुलसी मानस अलंकरण 2024, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान 2014, 2015, 2016, 2017, योगाचार्य सम्मान 2017, शिल्पकार सम्मान 2021, रक्तवीर सम्मान 2024 मिला है।



# वाद विवाद में मकड़ी सेजेस अव्वल, फरसगांव का आदर्श विद्यालय रहा दूसरे स्थान पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के सभी विकासखंडों के प्रतिभागियों ने प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार थे। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे प्रथम स्थान माकड़ी विकासखंड के सेजेस, द्वितीय स्थान फरसगांव विकासखंड का आदर्श विद्यालय और तृतीय स्थान माकड़ी विकासखंड का हीरापुर रहा। विजेता टीमों को क्रमशः 7 हजार, 5 हजार और 3 हजार का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की गई। इसके अलावा, पांच विकासखंडों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण ने बताया कि प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमें 6 सितंबर को होने वाली संभाग स्तरीय वाद–विवाद प्रतियोगिता में कोंडागांव जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### ये रहे उपस्थित

आयोजन में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, यातायात प्रभारी मुकेश जोशी और अन्य अधिकारी व छात्र–छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# हत्या के फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

ग्राम शामपुर थाना कोतवाली में जमीन विवाद के चलते बेटे ने अपनी गोद ली हुई मां की हत्या कर दी। घटना के बाद से आरोपी फरार था। पुलिस ने आरोपी परसादी उर्फ परदेशी नेताम, पिता स्व. दुआरू नेताम उम्र 25 वर्ष निवासी शामपुर नयापारा को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 31 अगस्त की रात मां–बेटे के बीच जमीन विवाद को लेकर विवाद हुआ। आरोपी शराब के नशे में था और गुस्से में अपनी मां सगुनाबाई नेताम उम्र 58 वर्ष को घर के दरवाजे की चौखट में धक्का दे दिया। सिर में गंभीर चोट लगने के बाद आरोपी ने लात–घूंसों से मारपीट की, जिससे सगुनाबाई की मौत हो गई। अगले दिन शव घर के पीछे संदेहास्पद हालत में मिला। शव का पीएम कराए जाने पर डॉक्टरों ने हत्या होना पाया। आरोपी



परसादी घटना के बाद फरार हो गया था। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। सायबर सेल व थाना कोण्डागांव की टीम ने आरोपी को उसकी बहन के घर ग्राम धनपुर से पकड़ लिया। कड़ी पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी परसादी उर्फ परदेशी नेताम को पर्याप्त सबूतों के आधार पर गिरफ्तार कर 3 सितंबर को न्यायालय में पेश किया गया।

# शिक्षकों का नवीन पाठ्यपुस्तकों पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत, छत्तीसगढ़ की संस्कृति और संदर्भों को जोड़कर तैयार की गई नई पाठ्यपुस्तकों पर शिक्षकों के लिए पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन बीआरसी भवन में किया गया। इस ऑफलाइन प्रशिक्षण में कक्षा 6 के शिक्षकों को गणित और हिंदी विषयों के लिए प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में, हिंदी विषय के 80 और गणित के 70 शिक्षकों ने भाग लिया। गणित प्रशिक्षण में, शिक्षकों को समूह में बाँटकर पैटर्न, रेखाएं और कोण, संख्याओं का खेल, आंकड़ों का प्रबंधन, परिमाप, क्षेत्रफल जैसे अध्यायों को पढ़ाने के नए और अलग–अलग तरीके सिखाए गए। हिंदी प्रशिक्षण में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को विस्तार से समझाया गया। साथ ही, शिक्षकों को कविता, कहानी, गद्यांश, पद्यांश, कला शिक्षण और खेल यात्र के माध्यम से अध्यापन कराने के तरीके बताए गए। प्रशिक्षण के दौरान, जिला प्रशिक्षण संस्थान बस्तर से राजेंद्र प्रसाद जोशी ने निरीक्षण किया। गणित विषय में जय कुमार देवांगन, ऋतु वर्मा, महेंद्र कुमार वर्मा और हिंदी विषय में ब्रजेश तिवारी, दिनेश कुमार विश्वकर्मा, सरिता मंडावी ने प्रशिक्षक की भूमिका निभाई।

# जनजातीय बहुल गांवों में योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए आदि कर्मयोगी अभियान को सफल बनाने के लिए शहर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। अभियान का उद्देश्य जनजातीय बहुल गाँवों में सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। यह प्रशिक्षण आदिवासी विकास विभाग द्वारा वन काष्ठागार के नीलाम हॉल में आयोजित किया जा रहा है। इसमें 7 जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर, 35 विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर और गैर–सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। इस अभियान में जिले के 5 विकासखंडों के 352 गाँवों को शामिल किया गया है, जहाँ विजन 2030 के अनुरूप योजनाएँ तैयार की जाएंगी। इस अभियान के तहत 352



आदि सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहाँ शिकायत निवारण और हर सोमवार को आदि सेवा ऑवर जैसी व्यवस्थाएं होंगी। अभियान में 100 से अधिक आदि कर्मयोगी और 8800 से अधिक आदि साथी व सहयोगी मिलकर युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाएँगे। प्रशिक्षण के दूसरे दिन जनपद पंचायत कोंडागांव की अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम और उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी इसमें शामिल हुए।

## हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में भाषण स्पर्धा आयोजन

# प्रतियोगिताओं से छात्रों में आत्मविश्वास, वक्तृत्व कला और रचनात्मक सोच का विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर के विद्यालयों में आयोजित रजत जयंती महोत्सव 2025–26 के अंतर्गत आज हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में भाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने स्कूल में विगत वर्षों में आए रचनात्मक बदलाव विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों, नई शैक्षिक नीतियों, विद्यालय में हो रहे नवाचारों एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में उठाए गए कदमों पर प्रभावशाली वक्तव्य



दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य ने की। निर्णायक मंडल ने छात्रों के भाषणों का मूल्यांकन अभिव्यक्ति, विषयवस्तु एवं प्रस्तुति के आधार पर किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ छात्रों में आत्मविश्वास, वक्तृत्व कला और रचनात्मक सोच को विकसित करती हैं। अंत में विजयी प्रतिभागियों को आगामी पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई। इस आयोजन से विद्यालय का वातावरण उत्साह और ऊर्जा से भर गया तथा विद्यार्थियों ने रजत जयंती महोत्सव को एक यादगार पल बना दिया।

**ये रहे उपस्थित**

आयोजन में संस्था के प्राचार्य मुकेश सैमसन, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, वरिष्ठ व्याख्याता जमील खान, व्याख्याता यशवंत देवांगन, श्रीमती रीता प्रधान, सुषमा पात्र, सारिका कश्यप, कु. दुलेश्वरी दर्रो, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार, उमाकांत दीवान, राजू मरकाम, श्री नाग, ध्रुव मैडम, प्रमानन्द वैद्य, भारत देवांगन तथा विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ कार्यक्रम की सफलता में सहभागी रहा।

पेज 11 के शेष

### रेखागांव के लोग एक...

पहुंच सका, जिससे एक सप्ताह से इस गांव के ग्रामीण अभी भी अंधेरे में हैं। इस गांव में जाने की कोशिश की पर ईडी, एसई, डीई, एई, जेई एवं विद्युत कर्मचारियों की टीम पहुंच मार्ग नहीं होने से नहीं जा पाए। बताया जा रहा है कि तोकापाल एवं लोहंडीगुड़ा के सहायक अभियंता राजेन्द्र नेताम की खड़ी कार भी डूब गई थी। विद्युत कंपनी के अनुसार गत 26 अगस्त को तेज बारिश एवं बाढ़ से बस्तर जिले में 33 केव्ही के 6 पोल, 11 केव्ही के 61 पोल जर्जर होने से 91 गांव में बिजली प्रभावित हुई। साथ ही दंतेवाड़ा जिले में 33 केव्ही के एक पोल एवं 11 केव्ही के 62 पोल जर्जर हुए और 56 गांव की बिजली बंद हुई थी।

### 40 किमी साइकिल चलाकर...

सुरेश ऊके विगत 23 सालों से छात्र छात्राओं को शिक्षा देने लगातार दो दशक से अधिक समय से साइकिल में अपने संस्था पहुंच 11वीं 12वीं के छात्र छात्राओं को राजनीति विज्ञान, भूगोल विषय का अध्यापन करा रहे हैं । इन्हें जुनून ऐसी है कि यूट्यूब में सुरेश ऊके के नाम से क्षेत्र के छात्र- छात्राओं तक ज्ञान की दीप जलाने की ललक है । वे 2019 कोविड के समय से अध्यापन का 307 विडियो अपलोड किए है । जिसके 90 हजार के आस-पास विवर्स है । वे 39 साल से कोंटा में निवासरत हैं।

### शिक्षक मनीष अहीर ने शिक्षा...

राज्य विज्ञान मेला, इंस्पायर अवार्ड,विज्ञान पहेली एवं अन्य गतिविधियों में विद्यालय स्तर से लेकर राज्य स्तर तक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इको क्लब प्रभारी के रूप में अहीर ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा और कांगेर घाटी नेशनल पार्क की जैव विविधता के संरक्षण में सक्रिय योगदान दिया। कोरोना काल में भी अहीर ने ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों की पढ़ाई को सुचारू रखा। बोर्ड परीक्षा प्रभारी एवं विज्ञान गतिविधियों के मार्गदर्शक के रूप में उनका योगदान अनुकरणीय रहा है। नवाचार, समर्पण और सादगी के साथ शिक्षा को नई ऊँचाइयों पर ले जाने वाले व्याख्याता मनीष कुमार अहीर, बस्तर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य की योजना है कि बस्तर के छात्रों का एक समूह इसरो केंद्र का भ्रमण कर पाए तो यह हमारे बस्तर के लिए एक बड़ी प्रेरणादायक बात होगी।

### हड़तालियों ने सीएमएचओ को...

प्रशासन में कोई सुनवाई नहीं हुई तब विवश होकर किया गया है। आंदोलन के दौरान व्हाट्सएप पर चेतावनी पत्र, व्हाट्सएप पर बर्खास्त के आदेश यह सब जितनी तेजी से भेजे जा रहे हैं यदि इतनी ही तेजी मांगों के निराकरण में दिखाई जाती तो यह स्थिति ना पैदा होती। सुबह संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप की अपील करते हैं पर शाम को ही प्रशासन संवाद स्थापित करने के इस प्रयास में बाधा बनते हुए बर्खास्तगी के पत्र कर्मचारियों को जारी करता है। इससे प्रशासन स्वयं ही यह नहीं चाहता कि सरकार का कर्मचारियों से कोई संवाद स्थापित होकर इसका कोई निराकरण निकले। प्रशासन की यह दमन पूर्ण कार्रवाई पूरी तरह से अनुचित है, संवाद में बाधक है ऐसी स्थिति में इस दमन पूर्ण कार्रवाई का संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी विरोध करते हुए आक्रोशित होकर सामूहिक त्यागपत्र देने को विवश हैं।

## जगह-जगह विराजे गणपति...


जगदलपुर। बालाजी वार्ड में विराजित गणेश की प्रतिमा।


जगदलपुर। विजय वार्ड में स्थापित गणेश की प्रतिमा।


जगदलपुर। संतोषी वार्ड में स्थापित गणेश की प्रतिमा।


जगदलपुर। प्रतापगंज पारा में स्थापित गणेश की प्रतिमा।


तोकापाल। सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति ग्राम पंचायत पाराकोट।

### ग्रामीणों ने नुवाखाई जुहार भेंट कर मनाया त्यौहार

# पर्व एकता, भाईचारा और परंपराओं को संजोने का संदेश देता है

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड**

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने अपने गृह ग्राम गिरोला बाड़ा में बस्तर ट्रायल ऑपरेटिव सोसायटी मर्या द्वारा संचालित मुरमुरा लाई यूनिट का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या

■ **विधायक ने किया मुरमुरा लाई यूनिट का शुभारंभ**



में ग्रामवासी, सोसायटी के पदाधिकारी एवं महिलाएं उपस्थित रही। विधायक ने कहा कि इस प्रकार की ग्रामीण इकाइयों से स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त कदम साबित होंगे। उन्होंने बताया कि मुरमुरा लाई यूनिट से न केवल ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध होगा बल्कि कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन भी संभव होगा।

विधायक ने सोसायटी के इस पहल की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में इस यूनिट से बड़ी संख्या में महिला स्व-सहायता समूहों एवं बेरोजगार युवाओं को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए छोटे-छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने की अपील भी की। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया और उन्हें विश्वास दिलाया कि यूनिट को सफलतापूर्वक संचालित कर बस्तर की पहचान को और मजबूती देंगे। आज बस्तर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गिरोला में पाहुरबेल एवं बदलावंड के ग्राम प्रमुख, सामाजिक सदस्य एवं क्षेत्र की माताएं-बहनें एकत्रित होकर पारंपरिक ढंग से बस्तर विधायक को नुवाखाई जुहार भेंट कर शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर ग्रामीणों ने चिवड़ा, गुड़ एवं अन्य परंपरागत सामग्री भेंट स्वरूप देकर विधायक का अभिनंदन किया। नुवाखाई पर्व बस्तर अंचल की लोक आस्था एवं कृषि परंपरा से जुड़ा हुआ है। इस पर्व के माध्यम से किसान नए अन्न का स्वाद चखते हुए प्रकृति एवं देवताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

ग्रामीणों ने विधायक को त्यौहार की बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति से इस पर्व की गरिमा और भी बढ़ गई है। विधायक ने ग्रामवासियों द्वारा दिए गए स्नेह और सम्मान के लिए आभार जताते हुए सभी को नुवाखाई पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें एकता, भाईचारा और परंपराओं को संजोने का संदेश देता है।

## यात्री बसों की हुई जांच 12 हजार का जुर्माना

**सुकमा।** यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने बस संचालकों पर सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी एसबी रावटे के नेतृत्व में बुधवार को जिला मुख्यालय सुकमा में यात्री बसों की व्यापक जाँच की गई। जांच के दौरान बसों के फिटनेस, रेट लिस्ट, परमिट, फर्स्ट एड किट और बीमा संबंधी दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की गई। इस दौरान एक यात्री बस में अनियमितताएं पाई गईं, जिस पर नियमानुसार जुर्माना लगाकर सुधार के निर्देश दिए गए। सभी प्रकरणों को मिलाकर कुल 12 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। जिला परिवहन अधिकारी रावटे ने बताया कि प्रशासन की यह मुहिम निरंतर जारी रहेगी। यदि यात्रियों द्वारा किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है, तो तत्काल जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि जिला प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। लापरवाह बस संचालकों के खिलाफ लगातार सख्ती बरती जाएगी ताकि आमजन को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध हो सके।




## 195 बटालियन ने मनाया स्थापना दिवस



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल भारत के सबसे बड़े अर्धसैनिक बलों में से एक है। 3 सितम्बर को सीआरपीएफ 195 बटालियन ने बारसूर में 19 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। अनिल कुमार सिंह कमाण्डेन्ट ने सभी जवानों, अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों को स्थापना दिवस की शुभकामनायें दी। बटालियन की स्थापना 3 सितम्बर 2007 को भोपाल में हुई थी। 195 बटालियन छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा तथा बीजापुर जिले में अति नक्सल ग्रस्त इलाके में तैनात है। बटालियन नें लगातार नक्सल विरोधी अभियान एवं सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से जनता में शांति स्थापित किया है एवं आम जनता में सुरक्षा भावना पैदा की है। सरकार की नीतियों को लागू कराने एवं जनता तक पहुंचाने में अहम योगदान दे रही है। कमाण्डेन्ट ने वाहिनी के जवानों को जनता को हर सम्भव सहयोग करने हेतु तत्पर रहने की अपील की। इस अवसर पर बटालियन मुख्यालय में शहीदों को श्रद्धांजलि दी एवं विशेष सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बटालियन के बहादुर जवानों को जिन्हे राष्ट्रपति द्वारा वीरता के लिए पुलिस पदक से नवाजा गया है। उनमें सहायक उप निरीक्षक जीडी संजय कुमार तथा सिपाही जीडी कुलदीप सिंह को शॉल देकर सम्मानित किया गया। जवानों के मध्य खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं मिष्ठान वितरण तथा अन्य कार्यक्रम किये गए।

## प्राचार्य व विद्यालय स्टाफ ने राहत सामग्री का किया वितरण



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहण्डीगुड़ा**

लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड के चित्रकोट एवं मांदर क्षेत्र में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद हेतु पीएम सेजेस लोहण्डीगुड़ा के प्राचार्य अशोक खपर्डे एवं विद्यालय स्टाफ ने मानवीय पहल करते हुए राहत सामग्री का वितरण किया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक घरेलू सामग्री जैसे बाल्टी एवं मग वितरित किए गए। इन वस्तुओं की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रशासन ने राहत कार्य को अंजाम दिया, जिससे प्रभावित परिवारों को दैनिक जीवन में सहूलियत मिल सके। प्राचार्य अशोक खपर्डे ने कहा कि कठिन समय में जरूरतमंदों की सहायता करना हम सबकी जिम्मेदारी है। विद्यालय परिवार सदैव समाज सेवा के कार्यों में आगे रहेगा। विद्यालय के शिक्षकों एवं स्टाफ ने भी इस वितरण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## शिक्षा के विभिन्न मुद्दों को लेकर बीईओ को सौपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर**

ब्लॉक मुख्यालय बस्तर में गुरुवार को आदिवासी युवा छात्र संगठन शिक्षा के विभिन्न मुद्दो एवं छात्रों की समस्याओं को लेकर बीईओ भारती देवांगन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें आदिवासी युवा

■ **कक्षा 9 से 12 वीं तक हर साल एक केरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम हो**

छात्र संगठन के द्वारा बस्तर ब्लॉक के प्रत्येक स्कूल में स्कूल विजिट के संबंध में, प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 9 से 12 वी तक हर साल कम से कम एक केरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम हो।

ब्लॉक के प्रत्येक विद्यालय में प्रयोग शाला की स्थापना एवं प्रयोग शाला के सामान उपलब्ध हो,ब्लॉक के प्रत्येक क्षतिग्रस्त विद्यालयों की



मरम्मत हो। प्रत्येक विद्यालय की पिछले 2 साल के शाला त्यागी छात्र छात्राओं की डाटा उपलब्ध कराने के संबंध मे। ब्लॉक के प्रत्येक प्रथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला जहां बांउड्री वाल नहीं है, सुरक्षा के दृष्टि से निर्मित हो।

ब्लॉक के प्रत्येक विद्यालय में खेल सामान उपलब्ध हों। ब्लॉक के प्रत्येक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुस्तकालय की सुविधा हो। बस्तर ब्लॉक पदाधिकारी ओमेश्वर कश्यप, कामेश्वर बघेल, मोनू बघेल उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक बाफना को मातृ शोक



**जगदलपुर।** पूर्व विधायक संतोष बाफना की माता सोनीबाई बाफना 85 वर्ष पत्नी स्व. प्रेमराज बाफना का बीती रात स्वर्गवास हो गया। कुछ दिनों से उनका ईलाज चल रहा था। गुरूवार को दोपहर बाद वृंदावन कॉलोनी स्थित निवास से अंतिम यात्रा मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें परिजन, समाज के लोग, व्यापारीगण, राजनीतिज्ञ, अधिकारी और ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मुक्तिधाम में शोक सभा में सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति और परिजनों को संबल देने की कामना की। परिवार में पुत्र संतोष, सुरेश, सुनील एवं शैलेन्द्र बाफना समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

## निधन

### सुधीर गुरुवारा



**जगदलपुर।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी 78 वर्षीय सुधीर गुरुवारा का आकस्मिक निधन गुरुवार 4 सितंबर को हो गया है। वे सतपाल गुरुवारा संचालक पूनम होटल के अनुज एवं सुशील गुरुवारा के पिता थे। अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान वृंदावन कॉलोनी, अय्यप्पा मंदिर के समीप से मुक्तिधाम के लिए शुक्रवार 5 सितंबर को दोपहर 12 बजे निकलेगी।

**न्यायालय तहसीलदार भानपुरी**
**जिला बस्तर (छ.ग.)**

क्रमांक/क/तह./जन्म-मृत्यु/2025
भानपुरी दिनांक 28/08/2025

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अब्दुल अलीम अंसारी पिता स्वर्गीय मो. कलीम जाति मुसलमान निवास ग्राम करन्दोला तहसील भानपुरी के द्वारा अपने स्वयं अब्दुल अलीम अंसारी की जन्म दिनांक 02/07/1976 को होना बताते हुए जन्म प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 11/09/2025 तक आपत्ति पेश कर सकते हैं। म्याद पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/08/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीक मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर — **तहसीलदार भानपुरी**

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर**
**जिला बस्तर छ.ग.**

प्र.क्र. क/ब121/24-25

**उद्घोषणा-II**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका दुती कश्यप पिता/पति स्व. कंवल साय जाति भतरा निवासी ग्राम तालूर वर्तमान ग्राम तालूर ग्राम तालूर मृत्यु दिनांक 23/01/2023 को कंवल साय पिता बुधराम की मृत्यु हुआ होना बताया जाकर के संबंध रिस्ते आवेदिका मृतक को पति बताते हुए उक्त मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 19/09/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर — **तहसीलदार बस्तर**

## शहर में गणेशोत्सव की धूम


जगदलपुर। मंत्री संघ में स्थापित गणेश की प्रतिमा।


जगदलपुर। वृंदावन कालोनी में स्थापित गणेश की प्रतिमा।


जगदलपुर। बैकुंठधाम आजाद चौक में विराजित गणेश की प्रतिमा।


तोकापाल। बतासीपारा मेटावड़ा कालेज रोड में स्थापित गणेश की प्रतिमा।


तोकापाल। ग्राम पंचायत बेडागुड़ा (मांझी पारा) में स्थापित गणेश की प्रतिमा।

## खबर संक्षेप

### बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए घर जाकर की सफाई



**जगदलपुर।** हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित मांदर ग्राम पंचायत में जिला प्रशासन के प्रयासों को साथ देने के लिए एकल अभियान के कार्यकर्ताओं ने हाथ बढ़ाते हुए बाढ़ पीड़ितों की मदद की। उन्होंने श्रमदान करने के साथ ही लोगों से मिलकर उनका हालचाल भी जाना। एकल अभियान के लगभग 25 सदस्यों ने बाढ़ से प्रभावित घरों में जाकर सफाई की। उन्होंने कीचड़ साफ किया और अस्त-व्यस्त पड़े सामान को व्यवस्थित करने में लोगों की मदद की। जहां कई संस्थाएं सामग्री दान कर रही हैं, वहीं एकल अभियान के कार्यकर्ताओं ने सीधे लोगों के घरों में जाकर सेवा की और उनके दुख-सुख साझा किए। इस प्रयास के लिए गांव के लोगों ने एकल अभियान के सेवार्थियों का तहे दिल से धन्यवाद किया।

### मांदर में बाढ़ पीड़ितों के लिए सरकार की संवेदनशील पहल

# दी जा रही है मदद और मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में पिछले सप्ताह हुई अतिवृष्टि ने जहां एक ओर जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया, वहीं बाढ़ के कारण लोहंडीगुड़ा तहसील के मांदर में लोगों ने भीषण आपदा का सामना किया है। इस स्थिति में छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नेतृत्व में एक संवेदनशील पहल कर त्वरित राहत कार्य की मिसाल पेश की है। बाढ़ के कारण हुए नुकसान से जूझ रहे लोगों के लिए जिला प्रशासन द्वारा तत्काल सहायता और मुआवजे की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिससे पीड़ित परिवारों को एक बड़ी राहत मिली है।

- **प्रभावितों को नवीन राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड एवं बैंक पासबुक तैयार कर दिया जा रहा**




बाढ़ से प्रभावित गांवों में राहत दल तेजी से काम कर रहे हैं। इसके साथ ही प्रभावित गांवों में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रभावित किसानों को किसान किताब वितरित की जा रही है, जो बाढ़ के कारण बह गई थी। किसान किताब के मिलने से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और भविष्य में किसी भी सहायता के लिए पात्र बनने में मदद करेगी। वहीं प्रभावितों को नवीन राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड एवं बैंक पासबुक तैयार कर प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला प्रशासन की टीमें नुकसान का आकलन करने के लिए घर-घर सर्वे कर रही हैं और पात्रता के अनुसार तत्काल राहत राशि सीधे उनके खातों में ट्रांसफर कर भुगतान कर रही हैं।

सरकार का ध्यान इस बात पर है कि किसी भी पीड़ित परिवार को उनकी जरूरत के समय अकेला न छोड़ा जाए। इसके लिए, मकान क्षति सहित पशु, फसल और घरेलू सामग्री की क्षति का विस्तृत ब्यौरा तैयार कर, हर एक प्रकरण पर गंभीरता से काम किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है, ताकि जरूरतमंद प्रभावितों तक मुआवजा राशि सीधे और समय पर पहुंच सके।

स्थानीय प्रभावित परिवारों ने सरकार की इस पहल की सराहना की है। एक प्रभावित ग्रामीण मुरहा पटेल ने कहा, हमने सोचा था कि बाढ़ के बाद सब कुछ खत्म हो गया, लेकिन सरकार की इस त्वरित मदद ने हमें फिर से जीवन को नये सिरे से शुरू करने की उम्मीद दी है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में किए जा रहे इस पहल को प्रशासन की ओर से एक मजबूत और मानवीय दृष्टिकोण के रूप में देखा जा रहा है। जो यह दर्शाता है कि आपदा की घड़ी में सरकार न सिर्फ राहत कार्य बल्कि पुनर्वास और भविष्य की सुरक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। इस तरह के प्रयास बाढ़ पीड़ितों को आर्थिक और मानसिक दोनों तरह से सहारा देते हैं, जिससे उन्हें जीवन

# मिलादुन्नवी पर मस्जिद और गेट की सजावट







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जश्ने ईद मिलादुन्नवी के मुबारक मौके पर शहर के जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों को रंगीन झालरों के लाईट से सजाया गया है। वहीं कल शुक्रवार को निकलने वाली रैली के मुख्य मार्ग को आर्कषक गेट से मुस्लिम समाज के युवाओं ने सजावट की है। जामा मस्जिद से लेकर पूरे मेन रोड और आगे शहीद पार्क तक झंडे और रंगीन बल्ब के झालरों से सजाया गया है। पर्व को लेकर काफी उत्साह है। बताया गया कि कल विशेष नमाज के बाद जुलूस निकाली जाएगी।




# आज वर्क में कम्प्लीटनेस की कमी है : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में जियोफिजिक्स एंड पेट्रोफिजिक्स इन मिनरल इक्सपोलरेशन विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। भौतिकी अध्ययनशाला के इस कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता रिटार्यड चीफ जियोफिजिस्ट अशोक सिंह ने कहा कि विद्यार्थी एक विद्यार्थी नहीं होता बल्कि वे भविष्य होते हैं। आप सभी विभिन्न भाषा को सीखें। ह्यूमन हिस्ट्री के लिटलेचर विभिन्न भाषाओं में हैं। उन्हें जानने समझने के लिए आपको बहुभाषी होना जरूरी है। सिंह ने कहा कि आज कम्प्लीटनेस की कमी है। किसी वर्क को कम्प्लीटनेस से करना जरूरी है। ये कम्प्लीटनेस आपको मल्टीडिसिप्लीनरी ज्ञान से आएगी। सिंह ने मैथेमेटिका ऑप्टिमाईजेशन के साथ धरती के नीचे के हिडन मिनरल क्षेत्र को पहचाने संबंधी कई जानकारी दी। समस्या और समाधान खोजने से ज्यादा संभावना क्या है को ढूंढना महत्वपूर्ण है।

- **विवि में जियोफिजिक्स विषय पर व्याख्यान**




कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मल्टीडिसिप्लीनरी में टीचिंग और रिसर्च इंटेशन दोनों शामिल हैं। प्रो. श्रीवास्तव ने साइलोस का मायने समझाते हुए कहा कि केवल एक ही मानसिक दायरे में रहना ठीक नहीं है। हमारे देश में मल्टीडिप्लीनरी को भुला दिया गया था। दुर्ग विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो एनपी दीक्षित ने कहा कि प्रकृति में अभी भी कई चीजें हैं जिस पर रिपोर्ट नहीं बनी है। आप सभी नए विद्यार्थी अपना दिमाग को खुला रखें और अपने चारों तरफ की चीजों का अवलोकन करें।

